## ऑस्ट्रेलिया टी20 विश्व कप की मेजबानी करता है तो स्थगित हुए टूर्नामेंट के टिकट वैध: आईसीसी




टिकट खरीद चुके प्रशंसकों के लिए ये वैध रहेंगे

आईसीसी ने कहा, 'टिकटधारकों का अपने टिकट अपने पास बरकरार रखने के लिए स्वागत है अगर ऑस्ट्रेलिया 2021 में टूर्नामेंट की मेजबानी करता है तो टिकट खरीद चुके प्रशंसकों के लिए ये वैध रहेंगे और उनमें स्वतः ही नई तारीख आ जाएगी।'

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। ऑस्ट्रेलिया अगर 2021 में भारत की जगह आईसीसी टी20 विश्व कप की मेजबानी करता है तो अब स्थगित हो चुके टूर्नामेंट के टिकट वैध रहेंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कोविड–19 महामारी के कारण इस साल इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता को स्थगित करने के बाद अपनी वेबसाइट पर कहा कि अगर टूर्नामेंट को 2022 में आयोजित किया जाता है तो सभी टिकटधारक पूरी राशि वापस पाने के हकदार होंगे। टी20 विश्व कप का आयोजन अक्टूबर–नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में होना था लेकिन महामारी के कारण इसे स्थगित कर दिया गया है। आईसीसी ने अब तक घोषणा नहीं की है कि कौन सा देश किस साल टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा क्योंकि आयोजन से जुड़े कुछ मुद्दे हैं जिनका हल ऑस्ट्रेलिया और भारत को निकालना है। वैश्विक संस्था ने अपने टिकट साझेदार के जरिए टिकटों की बिक्री शुरू कर दी थी और काफी संख्या में टिकट बिक भी गए थे। उन्होंने कहा, 'अगर ऑस्ट्रेलिया 2022 में टूर्नामेंट की मेजबानी करता है तो टिकट खरीदने वालों को पूरी राशि लौटा दी जाएगी।'

# एशिया कप के बाद टी20 वर्ल्ड कप स्थगित

## बीसीसीआई ने जो ठाना, आईसीसी ने भी माना!

क्रिकेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना वायरस की वजह से पहले एशिया कप स्थगित हुआ और अब टी–20 वर्ल्ड कप भी एक वर्ष के लिए टाल दिया गया है। इन दोनों टूर्नामेंटों के स्थगित होने के बाद एक बात तो तय है कि इंडियन प्रीमियर लीग के आयोजन के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड का रास्ता पूरी तरह से साफ हो गया है। इस टूर्नामेंट को अब सितंबर–नवंबर का विंडो बेहद आसानी से मिल जाएगा।

इन दोनों टूर्नामेंटों के स्थगित होने से एक बात और भी साफ हो गई है कि क्रिकेट का असली किंग तो भारत ही है। जब महामारी कोरोना वायरस शुरू हुई तो इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र को रोकना पड़ा। 13वां सीजन 29 मार्च से शुरू होना था और पहला मैच मुंबई इंडियंस और चेन्नै सुपर किंग्स के बीच वानखेड़े स्टेडियम, मुंबई में शेड्यूल था।



महामारी के आते ही बीसीसीआई ने इस टूर्नामेंट को अस्थाई रूप से स्थगित किया और कहा कि आने वाले महीनों में इसके आयोजन को लेकर बात की जाएगी। यह सारा कुछ निर्भर करेगा एशिया कप और टी–20 वर्ल्ड कप के शेड्यूल पर। अगर ये दोनों टूर्नामेंट नहीं होते हैं तो आईपीएल का रास्ता खुल सकता है। ठीक ऐसा ही हुआ।

**गांगुली का यह ऐलान बहुत कुछ कहा गया:** पाकिस्तान ने एशिया कप के लिए खूब कोशिश की, लेकिन उसका पैंतरा सफल नहीं रहा। बीसीसीआई प्रमुख और पूर्व कप्तान सौरभ गांगुली ने तो एशिया कप के स्थगित होने का ऐलान एक मीटिंग में कर दिया था, जिसे पाकिस्तान ने खारिज भी कर दिया कि ऐसा कुछ नहीं है। हालांकि, एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने सौरभ गांगुली की बात को जब दोहराया तो पाकिस्तान मान गया। बता दें कि पाकिस्तान को इस बार एशिया कप की मेजबानी करनी थी, लेकिन सुरक्षा कारणों से टूर्नामेंट को श्रीलंका में आयोजित किया जाना था।

अब टी–20 वर्ल्ड कप हुआ स्थगित दूसरी ओर, बीसीसीआई प्रमुख और खुद टी–20 वर्ल्ड कप का मेजबान ऑस्ट्रेलिया भी कहता रहा कि महामारी के दौरान वर्ल्ड कप का आयोजन संभव नहीं है। सौरभ गांगुली और उनकी टीम ने आईपीएल के नहीं होने पर कभी बयान नहीं दिया। बीसीसीआई की ओर से हमेशा कहा गया कि आईपीएल–2020 होगा। कब और कहां होगा यह समय बताएगा।

खैर, अब समय आ गया है और बीसीसीआई जल्द ही नए शेड्यूल का ऐलान भी कर सकता है। पूरे मामले को सिरे से देखा जाए तो कहा जा सकता है कि क्रिकेट का असली बॉस तो बीसीसीआई ही है।

## जेसन होल्डर को पीछे छोड़ बेन स्टोक्स बने नंबर वन ऑलराउंडर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मैनचेस्टर। इंग्लैंड के उपकप्तान बेन स्टोक्स ने वेस्टइंडीज के कप्तान जेसन होल्डर को अपदस्थ कर आईसीसी की ताजा टेस्ट ऑलराउंडरों की सूची में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। स्टोक्स साथ ही बल्लेबाजों की सूची में भी तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जोकि उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। मैनचेस्टर में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच के दौरान स्टोक्स, विंडीज के कप्तान होल्डर से 54 रेटिंग अंक पीछे थे, लेकिन मैच की पहली पारी में 176 और दूसरी पारी में 78 रन बनाने के बाद अब उन्होंने 38 अंकों की बढ़त बना ली है।

स्टोक्स ने मैच में तीन विकेट भी लिए थे। स्टोक्स ने ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। इंग्लैंड ने यह मैच 113 रनों से जीत सीरीज 1–1 से बराबर कर ली है। होल्डर 18 महीने से नंबर–1 टेस्ट ऑलराउंडर के स्थान पर जमे हुए थे, लेकिन अब स्टोक्स ने इस स्थान पर कब्जा जमा लिया है और वह मई 2006 में एंड्यू फ्लिंटॉफ के बाद नंबर–1 टेस्ट ऑलराउंडर बनने वाले इंग्लैंड के पहले खिलाड़ी हैं।



स्टोक्स के अब 497 रेटिंग अंक हो गए हैं, जो कि अप्रैल 2008 के बाद से किसी भी खिलाड़ी का सर्वोच्च रेटिंग अंक हैं। उनसे पहले जैक कैलिस के 517 रेटिंग अंक थे। बल्लेबाजों की सूची में स्टोक्स अब ऑस्ट्रेलिया के मार्नस लाबुशाने के साथ संयुक्त रूप से तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं।

उनसे आगे अब लाबुशाने के हमवतन स्टीव स्मिथ और भारतीय कप्तान विराट कोहली ही हैं। इंग्लैंड के कप्तान जो रूट नौवें नंबर पर है। गेंदबाजों की सूची में स्टुअर्ट ब्रॉड दूसरे मैच में तीन विकेट लेने की बदौलत टॉप 10 में लौट आए हैं जबकि उनके साथी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन 11वें नंबर पर खिसक गए हैं।

## महिला वनडे विश्व कप पर फैसला दो हफ्ते में: न्यूजीलैंड क्रिकेट प्रमुख

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वेलिंगटन। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) के अध्यक्ष ग्रेग बार्कले ने कहा है कि 2021 महिला विश्व कप के भविष्य पर फैसला अगले दो हफ्ते में किया जाएगा। बार्कले का बयान सोमवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की इस टिप्पणी के बाद आया है कि कोरोना वायरस महामारी के खतरे के बावजूद न्यूजीलैंड में छह फरवरी से सात मार्च तक होने वाली इस प्रतियोगिता के कार्यक्रम में अभी बदलाव नहीं किया गया है। आईसीसी को हालांकि अक्टूबर–नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले पुरुष टी20 विश्व कप को स्थगित करने को बाध्य होना पड़ा है। बार्कले ने रेडियो न्यूजीलैंड से कहा, 'यह फैसला (एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप पर) अगले दो हफ्ते में किया जाएगा।'

उन्होंने कहा, 'क्योंकि अगर इस प्रतियोगिता को स्थगित करने की जरूरत है तो बेशक समय से पता चल जाए तो बेहतर है और इसी तरह अगर प्रतियोगिता का आयोजन होना है तो हमें अंतिम फैसला करने की जरूरत है जिससे कि हम फरवरी में शानदार विश्व स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन के लिए जरूरी संसाधन जुटा सकें।'

### न्यूज डायरी



## कोरोना वायरस से आर्थिक स्थिति हुई बेहाल, स्टार ऐथलीट फल बेचने को मजबूर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोरोना वायरस की वजह से खेलों पर ब्रेक लगा हुआ है। तमाम टूर्नामेंट स्थगित हो चुके हैं तो दूसरी ओर इसका असर अब ऐथलीटों पर भी दिखने लगा है। खासतौर पर उभरते हुए ऐथलीटों की आर्थिक स्थिति खराब होती जा रही है। मेराज अली की एक स्टोरी सामने आई थी, जो एशियन यूथ मीट में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उनके पिता की नौकरी चली गई है और अब वह फैमिली का खर्च उठाने को मजबूर हैं। इस क्रम में एक और ऐथलीट की कहानी सामने आ रही है, जो फैमिली का खर्च उठाने के लिए ठेले पर फल बेचने को मजबूर हैं। एशियन यूथ में ब्रॉन्ज मेडलिस्ट अली अंसारी का खेल में भविष्य उज्ज्वल हो सकता है, लेकिन वह फिलहाल फल का ठेला लगाने पर मजबूर हैं। दिल्ली के महिपालपुर के रहने वाले अली कहते हैं कि छोटे परिवारों के युवा खिलाड़ियों को अपने खेल को जारी रखना मुश्किल हो गया है।

## जो रूट ने सुपर स्टार बेन स्टोक्स को दिया नया नाम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मैनचेस्टर। कप्तान जो रूट का मानना है कि इंग्लैंड की टीम में महान खिलाड़ी है और 'मिस्टर इनक्रेडिबल' बेन स्टोक्स के लिए कोई सीमा नहीं है। रूट ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में स्टोक्स के मैच विजयी प्रदर्शन से सीरीज में बराबरी हासिल करने के बाद यह बात कही। स्टोक्स ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड की 113 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई। इस आलराउंडर ने पहली पारी में 176 रन की धैर्यपूर्ण पारी खेलने के अलावा दूसरी पारी में 57 गेंद में नाबाद 78 रन की तेजतर्रार पारी खेली। स्टोक्स ने तीन विकेट भी चटकाए जिससे उन्हें मैन आफ द मैच का पुरस्कार मिला। रूट ने मैच के बाद कहा, 'सभी समझते हैं कि हम ऐसे खिलाड़ी को देख रहे हैं तो अपने खेल के शीर्ष पर है, विश्व क्रिकेट में शीर्ष पर, जो लगातार योगदान दे रहा है।' उन्होंने कहा, 'हमें इसे संजोकर रखना होगा, सराहना करनी होगी और हमें समझना होगा कि हमारे पास महान खिलाड़ी है और हम उसका अधिक दोहन नहीं करें।'

## वेस्टइंडीज के खिलाफ इंग्लैंड की 50वीं जीत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इंग्लैंड। मैनचेस्टर टेस्ट में वेस्टइंडीज को हराकर इंग्लैंड की टीम ने विजडन ट्रॉफी जीतने को अपनी उम्मीदों को सुरक्षित नहीं रखा है बल्कि अपने कई रेकॉर्ड्स में भी सुधार किया है। इन दोनों टीमों के बीच टेस्ट क्रिकेट में यह 159वीं भिड़ंत थी। इंग्लैंड की टीम ने यहां जीत दर्ज कर वेस्टइंडीज पर अपनी 50वीं जीत दर्ज की। इंग्लैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट में यह तीसरी टीम हैं, जिसे उसने सबसे ज्यादा बार हराया है। इस फेहरिस्त में नंबर 1 पर ऑस्ट्रेलिया है, जिसे इंग्लैंड ने 351 टेस्ट खेलकर 110 बार पटकनी दी है। ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर एक रेकॉर्ड यह भी है कि यहां अगर टॉस जीतने वाली टीम पहले फील्डिंग चुने तो उसे आज तक जीत नहीं मिली है। हां, इस मामले में यहां मैच ड्रॉ के चांस सबसे अधिक रहे हैं। इस मैदान पर अब तक 9 बार ऐसा हुआ है, जब टॉस जीतने वाली टीम ने फील्डिंग चुनी। इन 9 में से 7 बार मैच ड्रॉ रहे हैं।

## कहां होगा टी20 वर्ल्ड कप 2021? फैसले को लेकर फंस सकता है आईसीसी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इस साल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी–20 विश्व कप को कोरोना वायरस के कारण स्थगित कर दिया है। आईसीसी ने साथ ही यह भी घोषणा की कि 2023 में होने वाला 50 ओवरों का विश्व कप अब भारत में खेला जाएगा। यह बदलाव 2022 और 2023 के टूर्नामेंटों के बीच सिर्फ इस जरूरी अंतर रखने के लिए किया गया है कि हो सकता है कि भारत को दोनों टूर्नामेंट की मेजबानी मिल जाए।
भारत 2021 टी 20 विश्व कप की मेजबानी करने के लिए तैयार है। आईसीसी बोर्ड के एक सदस्य ने कहा कि आईसीसी ने इस कारण से अब तक 2021 और 2022 टी 20 विश्व कप के आयोजन स्थल की घोषणा नहीं की है।